

# आईओसीएल गुना में आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन चोरी

## अब तक प्रशासन एवं कंपनी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं, मैनेजर ने भी पल्ला झाड़ा

नवभारत न्यूज

**गुना 25 सित. का। जिले में आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण का मामला गंभीरता बढ़ाता जा रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन और कंपनी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) गुना में आउटसोर्स कर्मचारियों को तय वेतन से कम भुगतान किया जा रहा है और वे लगातार धमकियों और अनुचित व्यवहार का सामना कर रहे हैं।**

इस संबंध में गुना निवासी गजानंद कश्यप ने कलेक्टर जनसुनवाई में कई बार शिकायत दर्ज करा चुके है। लेकिन अभी तक कोइ कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से आईओसीएल गुना के पीएनजी, जीएनजी गैस प्रोजेक्ट पर श्री पोलका जी इंटरप्राइजेज कंपनी के माध्यम से एचएसई इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। उनके अनुसार निर्धारित मासिक वेतन 29,387 रुपये था, लेकिन कंपनी केवल 19,000 रुपये ही देती थी। इसके अलावा पीएफ में भी कटौती की जाती थी, लेकिन खाते में केवल कुछ राशि ही जमा होती थी। जब विरोध जताया गया तो नौकरी से हटाने की धमकी दी गई। इस मामले में आईओसीएल गुना के मैनेजर अतुल गुप्ता ने पहले तो मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया और सीधे हेडऑफिस से शिकायत दर्ज कराने की बात कही। इसी तरह का एक मामला योगेश शर्मा का भी सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में 22,800 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलने का अधिकार था, लेकिन उन्हें केवल 12,000 रुपये ही दिए गए। तीन माह का बकाया वेतन भी अब तक नहीं मिला।






श्रम पदाधिकारी ने इस मामले में पत्र जारी कर कहा है कि शिकायत का निराकरण क्षेत्रीय श्रमायुक्त (केन्द्रीय) भोपाल स्तर पर किया जाएगा और कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों का कहना है कि ऐसे हालात न केवल श्रम कानूनों का उल्लंघन हैं बल्कि उनकी आजीविका पर सीधा प्रहार हैं। अभी तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। प्रशासन ने उच्च स्तर पर जांच का आश्वासन दिया है और बताया है कि जांच की प्रगति रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को भेजी जाएगी।

## मृगवास में झगड़े की रंजिश पर घर में आग लगाने का मामला

**गुना।** जिले के मृगवास थाना क्षेत्र में परिवारिक विवाद के चलते आग लगाने की घटना सामने आई है। फरियादी धनसिंह पुत्र किशोर गुर्जर (50) निवासी ग्राम भोजपुरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके परिवार और करमोदिया के हेमराज के परिवार के बीच झगड़ा चल रहा था। गत रात करीब 11 बजे, जब वह घर के बाहर सो रहा था, तभी करमोदिया के रामनरेश, गजराज, कल्लू और हेमराज पहुंचे और उसे मां-बहन की गालियाँ देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर के गोबर के कंडो में आग लगा दी, जिससे काफी नुकसान हुआ। अरोपी चारों जाते समय जान से मारने क धमकी दी। रियादी ने घटना के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## पुलिस हिरासत में संदिग्ध मौत मामले में आरोपियों पर दो लाख का इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

**गुना। देवा पारदी की पुलिस हिरासत में संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में फिर से हो रही है, जहां कोर्ट ने पिछली सुनवाई में गिरफ्तारी में ढील पर सीबीआई को कड़ी फटकार लगाई थी और कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए थे।**

मामला 14 जुलाई 2024 की शाम का है। देवा पारदी और उसके चाचा गंगाराम को चोरी के एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद देवा की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिवार और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मारपीट और प्रताडना के आरोप लगाए। घटना के बाद मृतक की चाची और होने वाली दुल्हन ने आत्मदाह की कोशिश की थी, जबकि अन्य महिला परिजनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर न्याय की मांग की। मजिस्ट्रियल जांच में पुलिस की लापरवाही और हिरासत में मारपीट की पुष्टि हुई है।

जांच में हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट और विसरा रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मामले में म्याना थाना के 7-8 पुलिसकर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया।

इस सूची में पूर्व थाना प्रभारी संजीत मावई और चौकी प्रभारी एसआई उत्तम सिंह कुशवाह भी शामिल हैं, जो अभी फरार हैं। अब सीबीआई ने इन आरोपियों की सूचना पर दो लाख रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### एक नजर में

#### उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**मधुसूदनगढ़।** ग्राम उकावद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिलीप शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष ग्रामीण जोगी, बूथ अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित सजन सिंह गुर्जर, लखन सिंह गुर्जर, हाकम सिंह गुर्जर, रामेश्वर मीणा, नवल जोगी, जालम सिंह, राजेंद्र साहू, मोनू, सागर सिंह उदा तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंडित उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके एकात्म मानववाद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

#### कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति की बैठक में महाविद्यालय की समस्याओं एवं शैक्षणिक विषय आदि पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने छात्राओं को अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव एवं कार्यो से अवगत कराते हुए अच्छे से शिक्षा ग्रहण करने एवं शिक्षकों को 'इंटरेक्टिव एवं नवाचार तरीके से पढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

#### युवक से मारपीट, सिर पर चूड़ा से वार

**गुना।** कैंट थानांतर्गत भगत सिंह कालोनी में गत रात हुए झगड़े में एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। दिलीप (18) ने बताया कि पुराने रंजिश के चलते संजोग गार्डन के पास आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसके बाद आरोपियों ने लात-घूसों से भी पिटाई की, जिससे बायां हाथ घायल हुआ। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

## गांधी वोकेशनल कॉलेज में सेवा पखवाड़ा सेमिनार सम्पन्न



**गुना।** गांधी वोकेशनल ऑटोनॉमस कॉलेज, जिसे एनएएसी द्वारा ग्रेड-ए से सम्मानित किया गया है, में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। विषय रहा प्रतियोगात्मक परीक्षाओं के प्रति बदलता दृष्टिकोण, मार्गदर्शन, मेंटरशिप का महत्व एवं सरकारी सेवाओं में अवसर। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. डी.के. शर्मा (सदस्य, पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार एवं पूर्व कुलपति, डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय, महू इंदौर), कीनोट स्पीकर डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह (जेएनयू नई दिल्ली), विशिष्ट अतिथि हरिशंकर विजयवर्गीय, चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव, संचालक ज्योति राठी और प्राचार्य डॉ. अर्चना दिनेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से हुआ। चेयरमैन अवधेश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से सफलता के लिए पूर्ण प्रयास करने और महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना दिनेश शर्मा ने भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बड़े शहरों के स्तर पर महाविद्यालय में कराने की घोषणा की। मुख्य वक्ता डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र, मेंटरशिप की भूमिका और सरकारी सेवाओं में उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वहीं, डॉ. डी.के. शर्मा ने महाविद्यालय को जिले का अग्रणी संस्थान बताते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा प्रमुख डॉ. एस.एस. श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी के.के. खरे, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रिचा शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा संचालक ज्योति राठी ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन उमेश शर्मा और अंकित मिश्रा ने किया।

### सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने दबोचा, पर्ची और नगदी बरामद

**गुना।** सिटी सिटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने सट्टा खिलाते एक युवक को रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सकतपुर रोड बूढ़े बालाजी पर एक युवक 1 रुपये के बदले 90 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है। सूचना पर मौके पर दबिश दी गई, जहां आरोपी अभय राठौर (26) निवासी सकतपुर रोड बूढ़े बालाजी पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 2 सट्टा अंकित पर्चियां, एक पेन और 630 रुपये नगद जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी पर धारा 4(क) पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## नसीरपुर में खंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**मधुसूदनगढ़। चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र की विधायक प्रिंयका मीना के निर्देश पर बुधवार को ग्राम पंचायत नसीरपुर के खेल मैदान परिसर में खंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नसीरपुर के साथ कांदीखेड़ा, खेराड़, कीताखेड़ी, ऐमनाखेड़ी, भगवतीपुर, नागनखेड़ी और बुढना ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

शिविर में विभिन्न योजनाओं और विभागों से संबंधित ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए गए। कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92 का तत्काल निराकरण किया गया जबकि 31 आवेदन लंबित रखे गए। राजस्व विभाग में 45 में से 40, जनपद पंचायत में 68 में से 44, विद्युत विभाग में 4 में से 3, शिक्षा और पीएचई विभाग में सभी आवेदन निराकृत हुए। वहीं आदिम जाति कल्याण विभाग में 2 में से 1 तथा पुलिस विभाग का 1 आवेदन लंबित रहा।

शिविर के दौरान विधायक प्रतिनिधि सर्वेश मीना, दिलीप शर्मा, मदनलाल केवट, बीरेंद्रसिंह राजपूत जिला पंचायत सदस्य, गोपालसिंह मीना जनपद सदस्य, दीप साहू मंडल अध्यक्ष, खुमानसिंह कराड़ा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों में जनपद सीईओ मोनिका झारिया, तहसीलदार धीरेंद्र गुप्ता, खंड पंचायत अधिकारी रामेश्वर सिंह मीना, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी इंदु शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष आलावा, शिक्षा विभाग से आनंदकुमार शर्मा सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुनिश्री ने तीन दिवसीय ध्यान साधना कर भक्तों को दिया मंगल आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

**आरोन।** नगर में यथा नाम तथा गुण के आदर्श वाक्य को चरित्रार्थ करते हुए चातुर्मासरत मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज ने अपने मंगल चातुर्मास के दौरान लगातार तीन दिवसीय ध्यान साधना कर नगरवासियों और जैन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराया। समाधि सम्राट आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज एवं नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुसार चल रहे चातुर्मास में मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज का मंगल आगमन 8 जुलाई को सिरोंज से पैदल विहार करते हुए पूज्य छुल्लक श्री निर्धूम सागर जी महाराज के साथ आरोन नगर में हुआ था।

मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज के आगमन के बाद 13 जुलाई को मुनि संघ का चातुर्मास एवं वर्षायोग कलश स्थापना समारोह भी आयोजित किया गया। महाराज के आरोन आगमन के पश्चात स्थानीय जैन समाज को पहली बार उनके मार्गदर्शन में 32 दिवसीय संवेग वैराग्य शिविर आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमें धर्म की प्रभावना और तपशीलता का अद्भुत दर्शन हुआ। मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज अपने कठिन तप और कठिन चर्या के लिए प्रसिद्ध हैं। वे आरोन में आते ही एक दिन आहार ग्रहण करते हैं, दूसरे दिन अन्नजल ग्रहण नहीं करते और तीसरे दिन आहार ग्रहण करते हैं।

मंगलवार से गुरुवार तक मुनि श्री ने बड़े जैन मंदिर में भगवान श्री अरनाथ स्वामी के समक्ष ध्यान साधना की और गुरुवार को ही आहार ग्रहण किया। उनका मंगल आहार साधिका आश्रम में श्री धनपाल जैन और मुनेश जैन परिवार के सौभाग्य से संपन्न हुआ। इससे पूर्व मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज बड़बानी जिले के प्रसिद्ध जैन तीर्थ बाबनगजा में भी तीन दिवसीय ध्यान साधना कर चुके हैं। इधर मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से गत को आरोन जैन समाज के लगभग 651 समाजजन आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के दर्शन हेतु जबलपुर रवाना हुए, जो गुरुवार को लौटे। जैन समाज अध्यक्ष विजय डोडिया और चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष मिंटूलाल जैन ने बताया कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने यात्री संघ को आशीर्वाद देते हुए आरोन में चल रहे सभी प्रकल्पों की जानकारी ली और प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज का यह मंगल सानिध्य नगरवासियों के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन और धार्मिक चेतना का स्त्रोत बना है।



## चांचौड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती उत्सव, विधायक ने किया शुभारंभ

**गुना।** चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक प्रियंका पेंची ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को पंडित जी के एकात्म मानववाद के विचारों को आत्मसात करने तथा उनके आदर्शों को समाज तक पहुँचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चांचौड़ा मण्डल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, तेलीगांव मण्डल अध्यक्ष अंकित शर्मा, नगर परिषद चांचौड़ा अध्यक्ष सुनीता नाटानी, उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा, विधायक प्रतिनिधि कुसुमलता कुशवाह सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता ज्योतिस्वरूप शर्मा, सौभाग्यमल पालीवाल, राजेश खंडेलवाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप नाटानी, श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, पार्षद आशीष खंडेलवाल, सूरज पालीवाल, निरंजन सोनी, लक्ष्मण मीना, संजू मीना, सुनील मीना, शानू खटीक समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक प्रियंका पेंची ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके विचार और कार्य न केवल समाज सेवा में मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि आज के युवाओं को सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता नाटानी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पंडित जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाएं और उनके एकात्म मानववाद सिद्धांतों को हर स्तर पर अपनाने का प्रयास करें।



**स्वदेशी मेला** ▶ **मेले का शुभारंभ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने किया**

## सेवा पखवाड़ा के तहत स्वदेशी मेला, वोकल फॉर लोकल को मिले बढ़ावा

नवभारत न्यूज

**गुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुना में शास्त्री पार्क में तीन दिवसीय स्वदेशी मेला शुरू हुआ। यह मेला गुरुवार से शुरू होकर शनिवार तक जारी रहेगा। आयोजन का उद्देश्य वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना और स्थानीय महिलाओं के बनाए उत्पादों को लोगों तक पहुंचाना है।**

मेले का शुभारंभ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की उपस्थिति में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, विधायक पन्नालाल शा य, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जिपं उपाध्यक्ष सारिका लुंबा, नपाध्यक्ष धरम सोनी और भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया। उन्होंने स्टालों का निरीक्षण किया और समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद खरीदे।



**जनभागीदारी और उत्साह**

मेले में सुबह से ही लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। नागरिक स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। धर्मेंद्र सिकरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती भी है। स्वदेशी को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार के आयोजन समय की आवश्यकता हैं।

**स्थानीय महिलाओं और स्व सहायता समूहों की भागीदारी**

मेले में जिलेभर के महिला स्व सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की बिक्री के लिए स्टाल लगाए। इन स्टालों में हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद, जैविक सामग्री और अन्य स्थानीय सामग्री उपलब्ध है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि मेला वोकल फॉर लोकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अब तक 33 हजार लखपति दीदी बनाई जा चुकी हैं और लक्ष्य है कि इसे 55 हजार तक पहुंचाया जाए।

**चल रहा है सेवा पखवाड़ा**

सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जा रहा है।

इसके तहत साफ-सफाई, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण जागरूकता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गुना में आयोजित स्वदेशी मेला इसी श्रृंखला का हिस्सा है। मेले के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई हैं, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं और स्थानीय उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त हो रही है।

## सेवा पखवाड़ा में महिला सशक्तिकरण हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**कुंभराज।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभराज में महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू ने किया। बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं सुविधाओं का लाभ लिया। शिविर में सीएमएचओ डॉ. राजकुमार श्रीशेश्वर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा धाकड़, प्रभारी चिकित्सक डॉ. गौरव चौधरी, ईएनटी विशेषज्ञ रितेश कौशल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. भाटी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. गौरव तिवारी, डॉ. विजेंद्र, डॉ. हर्षल चौधरी और डॉ. माधबी भटनागर ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने कुल 392 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श प्रदान किया। महिलाओं की विभिन्न जांचें की गईं और आवश्यक उपचार संबंधी सलाह दी गई।



## गर्म धूप में किसानों की संघर्ष गाथा : खाद लेने के लिए घंटों तक लंबी लाइनों में लग रहा अन्नदाता

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले में रबी फसल की तैयारियों में जुटे किसानों को आवश्यक खाद खरीदने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद के लिए सुबह से ही लंबी लाइन लगी हुई है, लेकिन किसानों को टोकन नहीं मिल रहे और खाद वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं हो रही। किसानों ने बताया कि सुबह से ही वे एमपी एग्रो समेत अन्य स्थानों पर खाद खरीदने के लिए लाइन में खड़े हैं। गर्मी की तेज धूप में किसानों को घंटों खड़ा रहना पड़ रहा है और न तो किसी तरह की पानी की व्यवस्था की गई है और न ही आराम करने की सुविधा है। ऐसे में बुजुर्ग और महिला किसान भी काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं।

किसानों ने प्रशासन पर भी सवाल उठाए हैं कि इतनी भीड़ और गर्मी में उचित प्रबंधन क्यों नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि खाद वितरण में पारदर्शिता और टोकन प्रणाली को सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि सभी किसानों तक समय पर खाद पहुंचे। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस समस्या का समाधान करें। पहले से ही खरीफ की फसल बर्बाद होने के कारण किसान परेशाान हैं अब अगर समय पर खाद नहीं मिला तो उनकी फसल प्रभावित हो सकती है। किसानों के अनसुार खाद वितरण केंद्रों में पानी और छांव की व्यवस्था के साथ-साथ टोकन वितरण सुचारू किया जाए, ताकि किसानों को लंबी लाइन और गर्मी में खड़े होने की समस्या का सामना न करना पड़े।